Regarding Procurement of Moong

श्री दर्शन सिंह चौधरी **(**होशंगाबाद**) :** सभापति महोदया, आपका धन्यवाद । मैं नर्मदा माटी से आता हूं । ?(व्यवधान) मेरा होशंगाबाद-नरसिंहपुर लोक सभा क्षेत्र है । ? (व्यवधान) वहां मूंग का उत्पादन बहुत अधिक मात्रा में होता है । मैं सरकार का धन्यवाद देता हूं कि पूरे देश में ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** मैं माननीय सदस्यों से, चाहे वे पुराने हैं या नए सदस्य हैं, सभी से आग्रह कर रही हूं कि समय पर सभी को बोलने का मौका दिया जाएगा ।

? (व्यवधान)

श्री दर्शन सिंह चौधरी **:** सभापति महोदया, मैं केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश की राज्य सरकार को धन्यवाद देना चाहता हूं कि पूरे देश में मूंग की खरीदी यदि कहीं पर हो रही है, तो समर्थन मूल्य पर हमारे मध्य प्रदेश में मूंग की खरीदी हो रही है । तिथि कम है और उत्पादन अधिक है, किसानों ने बहुत अधिक मेहनत की है, जिसके कारण उत्पादन बढ़ा है । बाजार में जिसका मूल्य चार-पांच हजार रुपए था, सरकार की कृपा से मूंग का समर्थन मूल्य मिल रहा है और किसान उत्साहित हैं ।

मेरा निवेदन है कि इसकी तिथि बढ़ाकर, पोर्टल की डेट बढ़ाकर और पोर्टल खोलकर किसानों को रियायत दी जाए, जिससे मेरे यहां, संपूर्ण नरसिंहपुर, रायसेन और होशंगाबाद सहित पूरे मध्य प्रदेश के 32 जिलों में मूंग की खरीदी सुचारू ढंग से संपन्न की जा सके ।

धन्यवाद ।